हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026



# पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन, साल भर में पकड़ी सवा करोड़ रूपए की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध शराब व नशीले पदार्थों पर पुलिस ने बीती रात ताबड़तोड़ एक्शन लिया। जिसके चलते लगभग छप्पन लाख चौहत्तर हजार सात सौ अढ़सठ रुपए की शराब एवं गांजा, नशीली टेबलेट लगभग सत्तर लाख एक चालीस हजार दो सौ बीस रुपए को जब्त कर इसके परिवहन में उपयोग बड़ी संख्या में वाहनों को जब्त किया गया।

पुलिस के लिए बीता वर्ष 2025 अवैध शराब व नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने के दृष्टि से बेहतर रहा। शराब कोचियां सहित शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ मुहिम चला कर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई अभियान छेड़ा। जिसके चलते जिले के अलग-अलग थानों में व्यापक कार्यवाही की गई है।

**बडी संख्या में वाहन जब्त :** पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक शराब के मामले में 11 चार पहिया वाहन, 75 दोपहिया वाहन जब्त किए गए कुल 86 वाहन। इसी तरह गांजा तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाले 1 ट्रक, 1 बोलेरो, 1 दोपहिया वाहन एवं नशीली टेबलेट तस्करी के मामले में 1 ट्रक, 1 दोपहिया वाहन जब्त किया गया।

इधर सालभर में पुलिस के नशे के खिलाफ कार्रवाई का असर यह हुआ कि शहर से लेकर जिले तक अब शराब की अवैध तस्करी पर शिकंजा कस लिया गया है। वहीं गांजा सहित नशीले टेबलेट के रैकेट को भी पकड़ने में मदद मिली है। हालांकि साल के सबसे बड़े करवारी शराब कांड के मुख्य आरोपी तक पुलिस 8 महीने बाद भी नहीं पहुंच पाई है।

## गांजा, नशीली टेबलेट के साथ ही नशे के खिलाफ दिखा पुलिस का सफल अभियान

### 1288 मामलों पर 1351 पकड़ाए

पुलिस के अनुसार बीते वर्ष आबकारी के कुल 1288 मामले दर्ज किए गए जिसमें कुल 1351 आरोपियों पर कार्यवाही की गई। आरोपियों से कुल देशी शराब तेरह लाख सैतीस हजार नौ सौ इक्कीस रुपये की, अंग्रेजी शराब बयालीस लाख चौरासी हजार नौ सौ सनतानवे रुपए की बीयर चौदह हजार आठ सौ रुपए का, कच्ची शराब सैंतीस हजार पचास रुपए एवं नगदी रकम पचपन हजार चार सौ बीस रुपए जब्त किए गए। कुल छप्पन लाख चौहत्तर हजार सात सौ अड़सठ रुपये की शराब पकड़ी गई।



### नशीले टेबलेट पर भी कार्रवाई

इसी तरह पुलिस ने मादक पदार्थ और नशीली टेबलेट का विक्रय करने व तस्करी करने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर कार्यवाही की जिसके तहत गांजा सड़सठ लाख चौरासी हजार नौ सौ चालीस रुपये का एवं नशीली टेबलेट लगभग एक लाख अठाईस हजार रुपये कुल सत्तर लाख अठाईस हजार एक सौ चालीस रुपये का जप्त कर 26 प्रकरण में 45 आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई उक्त शराब एवं गांजा के मामले में स्थानीय कोचिया व विक्रेता के अलावा अन्य प्रदेशों से अवैध रूप से शराब व मादक पदार्थ की तस्करी व बिक्री करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप

### ठंड में इजाफा के संकेत 2-3 डिग्री लुढ़केगा पारा



**राजनांदगांव**। अंचल में एक बार फिर ठंड में इजाफा होने का संकेत मिला है। मौसम विभाग के अनुसार अंचल का न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है। जिसके चलते जो न्यूनतम तापमान अभी 12 डिग्री के करीब बना हुआ है, वह वापस से 10 डिग्री के नीचे पहुंच जाएगा। हालांकि दिन के तापमान में बदलाव के संकेत नहीं है। इधर ठंड में इजाफा होने का असर सेहत पर भी देखने को मिल सकता है। पिछले एक सप्ताह के दौरान जिले में वायरल का कहर तेजी के साथ बढ़ा है। मौसमी बिमारी के चपेट में लोग आ रहे है। डॉक्टरों की निजी क्लिनीक के अलावा सरकारी अस्पतालों में भी भीड़ देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले एक पखवाड़े के दौरान ठंड से बचने की अधिक आवश्यकता है। जिससे सेहत पर अधिक असर नहीं पड़े। मौसम विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले मौसम बुलेटिन के अनुसार रविवार को अंचल का अधिकतम तापमान 29 डिग्री के करीब रहा, जबकि न्यूनतम तापमान भी 12 डिग्री के आस पास बना हुआ है। दोनों ही सामान्य के करीब बने हुए है।

## माय एंगल




## घटना स्थल से कुछ दूर में फांसी में लटकी हुई मिली लाश

# बेटे की गोली मारकर हत्या के बाद पिता ने लगा ली फांसी, पत्नी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

शुक्रवार रात मामूली पारिवारिक विवाद पर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के कुवारदल्ली गांव में 22 वर्षीय बेटे के ऊपर भरमार बंदूक से गोली दाग कर हत्या, और पत्नी को घायल करने वाले आरोपी पिता ने अंतत फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। निरीक्षक अश्वनी राठौर ने पुष्टि करते हुए बताया कि हत्याकांड को अंजाम देकर बंदूक सहित फरार आरोपी का शव घटनास्थल से कुछ दूर डूमर के पेड़ मे फांसी पर लटका मिला है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुवारदल्ली में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। शुक्रवार रात लगभग 8 बजे के लगभग आरोपी संत कुमार उम्र 48 साल गांव के बाहर जंगल किनारे ईट बना रहा था। रात को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी शांति बाई के साथ विवाद हो गया। विवाद के बीच शांति बाई ने पति के द्वारा झगड़ा तकरार करने की जानकारी फोन पर अपने बेटे शेखर उईके को दी। जिसके बाद तत्काल शेखर ईट भट्ठा में पहुंचकर अपने पिता को मां के साथ हो रहे वाद-विवाद पर अंगूठी में आग तापते हुए समझाइश दे रहा था। जिसके बाद नशे की हालत में अति क्रोध में आकर पिता ने भरमार से बेटे के ऊपर पीछे से गोली दाग दी।

इस घटना में शेखर उईके की पीठ से सीने की तरफ बंदूक की बारूद आर पार हो गई जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बंदूक का छर्रा शांति बाई के जबड़ा मे धंस गया, जिसे ग्रामीणों और परिजनों ने एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचाया है। रात को घटना के वक्त वारदात स्थल पर ईट बनाने वाले प्रत्यक्षदर्शी भी मौजूद थे जिन्होंने शेखर को इसी तरह बचाने के साथ साथ आरोपी पिता को दबोचने का प्रयास किया।



### पुलिस कर रही अवैध बंदूक की तलाश

कुछ वर्ष पूर्व संत कुमार आर्म्स एक्ट की कार्रवाई में जेल गया था जिसमें इसकी लाइसेंसी और अवैध भरमार बंदूक जब्त है। जेल से छूटने के बाद उसने फिर से भरमार बंदूक अपने पास ले आया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि हत्या के मामले में प्रयुक्त बंदूक को आरोपी ने कही छुपा कर आत्महत्या कर लिया है। जिसकी तलाश पुलिस जंगलों में कर रही है।

### दुर्दांत शिकारी था आरोपी

गोली कांड में 22 वर्षीय बेटे की मौत फिर खुद को मार डालने के बाद आरोपी संत कुमार के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वह खड़बत्तर, मुरेर, कुवारदल्ली, कुल्हरदो के जंगलो में बड़े पैमाने पर जंगली जानवरों का शिकार करते आ रहा था। सैकड़ों जानवर और पक्षियों का उसने अब तक वध कर चुका था। घटना स्थल के मुआवाने के दौरान शिकार करने की कई पद्धति उसके कोठार में मौजूद था। इसी क्रुरता के चलते उसने अपने बेटे को भी मार डाला।

### बंदूक लेकर फरार हो गया था आरोपी

आरोपी संत कुमार भरमार बंदूक से गोली चलाकर अपने बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद हाथ में बंदूक लेकर कोठार से लगे जंगल पहाड़ी की ओर मौके से फरार हो गया था, जिसे अंबागढ़ चौकी पुलिस और ग्रामीणों की अलग अलग टीम घटना के तत्काल बाद से सरगर्मी से तलाश कर रहे थे।

# आटो चालक से विवाद धारदार हथियार से हमला

## अन्य दो स्थानों पर भी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आटो में किराया के नाम पर चालक से विवाद व गाली गलौज करते हुए आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले में जांच जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जनवरी की शाम बस स्टैण्ड के पास दिनेश कुर्रे के आटो में मनीष गेडाम महाराष्ट्र का रहने वाला चिचोला जाने के लिए बैठा था। इस दौरान चिचोला जाने के लिए 100 रुपए दूंगा कह कर जिद कर रहा था। जिस पर 100 रुपए में चिचोला नहीं जाते है कहने पर आरोपी मनीष गेडाम गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे हुए किसी चाकूनुमा हथियार से कमर के पास हमला कर दिया। जिससे चोटे आई है।

### मामला दर्ज

घायल को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल डोंगरगढ़ ले जाकर भर्ती किया गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी सुरेश कुर्रे ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

इधर सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत भी एक गांव में वाद विवाद एवं चाकूबाजी की घटना होने की खबर है। शहर के हाट बाजार इलाके में भी आपसी विवाद, मारपीट होने की खबर है।




# नेशनल गेम्स के चलते प्री-बोर्ड में देरी, 15 जनवरी के बाद शुरु होगी परीक्षा, प्रैक्टिकल इसी सप्ताह से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में प्री-बोर्ड परीक्षा में नेशनल गेम्स की वजह से देरी देखने को मिलेगी। हालांकि मोहला-मानपुर अबांगाढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 15 जनवरी से पहले ही दसवीं और बारहवीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन शुरु कर लिया जाएगा।

राजनांदगांव जिले में 15 जनवरी के बाद इसकी शुरुआत होगी। हालांकि तीनों ही जिलों में प्रैक्टिकल परीक्षा की शुरुआत इसी सप्ताह से होने जा रही है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अंतिम प्रैक्टिकल परीक्षा 15 जनवरी तक ले लिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में लोक शिक्षण संचानालय द्वारा आदेश जारी कर 15 जनवरी से पहले ही प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन करने कहा है। दोनों नए जिलों में इस आदेश का पालन करते हुए परीक्षा आयोजित की जा रही है, लेकिन राजनांदगांव जिले में नेशनल गेम्स के आयोजन के चलते शिक्षा विभाग ने परीक्षा की तारीख में बदलाव किया है। अब यह परीक्षा जनवरी के तीसरे सप्ताह में शुरु की जाएगी। जिसका टाईम टेबल जल्द जारी किए जाएंगे।

- लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश
- 15 जनवरी तक प्री बोर्ड कराने निर्देश



### दो नए केंद्र बने, अब 88 सेंटर में परीक्षा

ज्ञात हो पिछले महीने ही माशिम द्वारा जिलेवार बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। जिले में परीक्षा केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। यहां 88 सेंटर में ही परीक्षा होगी लेकिन दो पूराने केंद्रों को सूची से हटाकर दो नई स्कूलों का नाम जोड़ने का काम किया गया है। बताया गया कि वेसलियन स्कूल एवं देवानंद जैन स्कूलों को हटाकर दो सरकारी स्कूलों को परीक्षा के नए केंद्र बनाए गए है। जहां 10वीं व 12वीं की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### सूने मकान से चोरी

**राजनांदगांव**। सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखे सोने के आभूषण चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत विवेकानंद कालोनी वार्ड क्रमांक 13 मटिया में स्थित घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 3 जनवरी को ताला तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किए और अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने की अंगूठी, एक सोने की मंगल सूत्र, एक सेट सोने की हार एवं कान के टाप व एक सोने की हार को चोरों ने चोरी कर लिया।

## बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित सम्मेलन में उमड़ी भीड़

# हिन्दू सम्मेलन में बोले पंडित युवराज पांडे: मैं कांग्रेस- भाजपा का नहीं सिर्फ हिन्दू समर्थक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर शहर के विभिन्न जगहों में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में रविवार को गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में 10 बस्तियों के लिए हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित युवराज पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सम्मेलन में कथावाचक पंडित युवराज पांडे के पहुंचे ही उनका मंत्रोच्चार और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कथावाचक युवराज पांडे ने कहा कि आज हम यहां जिस भाव से बैठे हैं इसके पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान है। हिंदू सम्मेलन का आयोजन हमारे लिए एक उपलब्धि है। उन्होंने जात-पात को लेकर कहा कि भगवान ने दो जाती बनाए थे एक पुरुष और एक नारी। वहीं उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस, भाजपा का नहीं बल्कि हिंदुत्व का समर्थक हूं।



### अप्रैल माह तक होगा आयोजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सात अलग-अलग आयोजन किए जा रहे है । किसके तहत पथ संचलन से आयोजनों की शुरुआत की गई। इसके बाद घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया और अब हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है । वही इसकी अगली कड़ी में युवा सम्मेलन और फिर धार्मिक सामाजिक सद्भाव कार्यक्रम आयोजित होगा, तो वहीं अंत में शाखा प्रचार का आयोजन किया जाएगा।

### विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु

हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास ने बताया कि आरएसएस की शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि 10 बस्तियों के लिए बालाजी हनुमान मंदिर प्रांगण में यह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन से पूर्व शनिवार को शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई थी ।

### बड़ी संख्या में जुटे धर्म प्रेमी

धर्म जागरण और हिंदुओं को एकजुट करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस हिंदू सम्मेलन में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, डॉ मिथिलेश शर्मा, करनैल सिंह भाटिया सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### गीतांजलि ने जीता सिल्वर पदक



**खड़गांव।** ग्राम की गीतांजलि चौधरी ने मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में सिल्वर पदक हासिल किया है। गीतांजलि ने राऊरकेला में आयोजित 8 वी राष्ट्रीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता में यह सफलता से जिले का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 40 खिलाड़ियों की टीम शामिल हुई जिसमें खड़गांव के तरुण कुमार चौधरी की सुपुत्री गीतांजली भी शामिल थी। वह बालोद के जिला मार्शल आर्ट एकेडमी में अभ्यास करती है। गीताजंली चौधरी ने रजत पदक लाकर कर पूरे ग्राम सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 7 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए।

### यादव की कविता का प्रसारण 6 को



**चिचोला।** जोशीलमती निवासी और कवि ग्वाला प्रसाद यादव की कविताओं का प्रसारण आगामी 6 जनवरी को आकाशवाणी रायपुर से होगा। श्री यादव पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के अध्यक्ष हैं। उनकी पहचान बेहतरीन मंच संचालक के रूप में भी है। हाल ही में श्री यादव की छत्तीसगढ़ी कविताओं की रिकार्डिंग हुई है जिसका प्रसारण 6 जनवरी को छत्तीसगढ़ी साहित्य समन्वित पत्रिका कार्यकम मोर भुइंया में होगा।

### मंत्री ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**डोंगरगांव।** अंबागढ़ चौकी जा रहे केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने नगर के



हिरवानी परिवार से मुलाकात राधा हिरवानी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री साहू के रेस्ट हाउस पहुंचने पर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। तत्पश्चात नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी के निवास पहुंच कर दिवंगत राधा हिरवानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की।इस दौरान प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, दीपक साहू, टीलेन्द्र साहू, शैलेश साहू मौजूद थे।

### सबसे महान ग्रंथ है रामायण

**छुरिया।** ग्राम पांगरीकला, संबलपुर, बननवागांव में गत दिनों रामायण



गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगजीतसिंह भाटिया के आतिथ्य और जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में गोपाल भुआर्य, जैमूनबाई कंवर शामिल हुए। इस मौके पर श्री भाटिया ने कहा कि रामायण भारतीय संस्कृति का महान महाकाव्य है। यह ग्रंथ भगवान श्रीराम के आदर्श, जीवन, धर्म, कर्तव्य और सत्य का उजागर करता है। कार्यक्रम को श्री सिन्हा, श्री भुआर्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भभुति साहू, रूपेश साहू, चमराराम पटेल, हिमांशु रंगारी सहित अन्य मौजूद थे।

### ट्रक के खड़े रहने से रास्ता बाधित

**चिचोला।** ग्राम के अंडर ब्रिज के पास सप्ताह भर से ख़राबी के कारण एक




ट्रक खड़ा है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजे 8625 ऐसी जगह खड़ा है जहां से वाहनों को मुड़ना पड़ता है। कई गाड़ी बस स्टैण्ड के कारण तेजी के साथ अंडर ब्रिज क्रास करती है जिससे घटना होने की आशंका बनी रहती है। हादसे की आशंका को देखते हुए फोरलेन कंपनी को ट्रक को जगह से हटाकर व्यवस्थित करने की पहल करना चाहिए।

### एलबी नगर टीम ने जीता मैच

**चिचोला।** पिनकापार में आयोजित कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत



कोठीटोला और लाल बहादुर नगर के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोठीटोला ने 8 ओवर में 56 रन बनाए। लक्ष्य हासिक करने मैदान में उतरी लाल बहादुर नगर की टीम 6 ओवर में ही 57 रन बनाने में कामयाब हुई। टीम के ऐश्वर्या मंडलोई ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 33 रन बनाकर टीम को जीत दिलाया। समिति के लुकेश यादव ने बताया कि स्पर्धा में 16 टीमों ने भाग लिया।

### पालिसी धारकों को मिला 2- 2 लाख का चेक

**खडगांव।** जक्के निवासी प्रेमसिंह ने बीमा अभिकर्ता नीलिमा जैन के



माध्यम से बीमा कराया था। कुछ समय पूर्व प्रेम सिंह के निधन बाद वरिष्ठ अभिकर्ता नीलिमा जैन ने जीवन ज्योति बीमा पॉलिसी अंतर्गत उनकी धर्मपत्नी जानकी बाई को 2 लाख का चेक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा खडगांव के अधिकारियों ने दिया। इस मौके पर जानकी बाई ने कहा कि उन्हे विश्वास नहीं था कि बीमा का लाभ इतनी जल्दी मिल जाएगा। इसी प्रकार घोड़ागांव के अग्नू राम की मृत्यु होने पर उसके पुत्र का जीवन ज्योति बीमा पालिसी अंतर्गत दो लाख का चेक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक से मिला। दोनों बीमा पॉलिसी के नामिनी ने बीमा एजेंट नीलिमी जैन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि नीलिमा जैन के प्रयास से उन्हे घर बैठे चेक मिल पाया है।

## साहू समाज के पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

# पंच परमेश्वर जैसे हो समाज के मुखिया और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

मुखिया को पंच परमेश्वर की तरह होनी चाहिए। सभी के साथ उसका व्यवहार उसे मुख के समान होना चाहिए जो किसी के अंग के साथ भेदभाव नहीं करता है इसी प्रकार जनप्रतिनिधि एवं समाज के मुखिया को सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। उसे न्यायपूर्वक कार्य करना चाहिए तभी समाज एवं राष्ट्र का विकास हो सकता है।

उपरोक्त बातें केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने जिला साहू समाज के शपथ समारोह में कही। मंत्री श्री साहू ने समाज के उत्थान के लिए शिक्षा के विकास पर बल दिया। उन्होने कहा कि भवन बना लेने से विकास संभव नही है। कोई भी समाज तभी तरक्की कर सकता है जब वह शिक्षित एवं संगठित हो। केन्द्रीय मंत्री ने साहू समाज के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सामाजिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए लोकहित में कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम की



अध्यक्षता प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू ने की। विशेष अतिथि तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भाजपा नेता दीपक ताराचंद साहू, प्रमोद साहू थे। जिला साहू समाज के पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू ने शपथ दिलाई। डॉ साहू ने समाज की मजबूती एवं विकास के लिए एकता पर बल दिया। उन्होंने सामाजिक संगठन की सराहना करते हुए समन्वय पूर्वक कार्य करने की सीख दी। तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए सामजिकजनों से लाभ लेने का आहवान किया। वहीं भाजपपा नेता दीपक साहू ने समाज की मजबूती के लिए संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिला अध्यक्ष मदन साहू ने स्वागत भाषण में जिला स्तरीय समाजिक भवन, छात्रावास भवन सहित अन्य की मांगे रखा। शपथ समारोह में पूर्व विधायक संजीव शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, गीता साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, भागवत साहू, पवन गुप्ता कमलेश सारस्वत सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन षिक्षक अर्जुनदास साहू एवं आभार ज्ञापन तहसील अध्यक्ष डॉ गयादास साहू ने किया।

### सीएम तक पहुंचाएगें मांगे

केन्द्रीय मंत्री श्री साहू ने जिला साहू समाज की मांग पर कोई घोषणा तो नही की लेकिन सामजिकजनो को भरोसा दिलाया कि उनकी प्रमुख मांगो को मुख्यमंत्री श्री साय तक जरूर पहुंचाएंगे। कलेक्टर से चर्चा कर सामाजिक भवन के लिए भूमि एवं अन्य सुविधाए दिलाने का प्रयास करेंगे।

## डोंगरगांव में हिन्दू सम्मेलन 9 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

महाकाल शिव मंदिर साकेत धाम में आगामी 9 जनवरी को डोंगरगांव और खुज्जी मंडल का संयुक्त हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे गायत्री मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण करते हुए साकेतधाम पहुंचेगी। यहां 11 बजे से रामचरित मानस का पाठ होगा। कार्यक्रम के संयोजक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में वक्ता के रूप मेंहिन्दू जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री राकेश भार्गव, धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब, विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा, राष्ट्र सेवा समिति की जिला कार्यवाहिका ऋतु शर्मा, बालोद के मानस मर्मज्ञ पुरूषोत्तमसिंह राजपूत शामिल होंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में गत दिनों बैठक आयोजित कर सभी को प्रचार आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बैठक में दिनेश गांधी, सुरेश गुप्ता, नवनीत अहीर, संतोष यादव, गणेश राम, हरीप्रसाद मालेकर, हेमंत साहू, वैभव राजपूत, अंजू त्रिपाठी, मनोज हिमनानी, प्रकाश गुप्ता, हीना जैन, महेश्वरी गंजीर, गायत्री यादव, योगेश पटेल, धनीराम चौधरी, राकेश दुबे, गुलशन हिरवानी, रितीक तिवारी, संतोष सोनी, राजीव वैष्णव, हरिप्रसाद, यदुराम, राकेश देवांगन आदि शामिल हुए। आयोजन से जुड़े लोग घर घर जाकर न्यौता देने के साथ चावल और राशि एकत्रित कर रहे है। उन्होंने अंचलवासियों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

### रामपुर मंडई आज

**चिचोला।** ग्राम रामपुर में कल 5 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में चंपा- बसंत ग्राम आटरा भकुर्रा वालों का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पंच त्रिलोक सिन्हा ने देते हुए आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## पीएम मोदी से बात करने पालक-बालक उत्साहित

### किरगी ब के पालकों ने कराया पंजीयन




हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

अर्जुनी। बहुचर्चित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रश्न पूछने डोंगरगांव ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम किरगी ब के पालकों में जबरदस्त उत्साह देखने मिल रहा है। जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम संभवतः इसी माह होना है जिसमें देश भर के बच्चे, पालक एवं शिक्षक शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी परीक्षा की तैयारी, तनाव मुक्ति, अच्छे अंक हासिल करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे।इस आयोजन की पंजीयन प्रक्रिया चल रही है। प्रश्न पूछने की निर्धारित तिथि 11 जनवरी है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए शिक्षक एवं कक्षा छठवीं से 12 वीं तक के विद्यार्थी प्रश्नों के साथ पंजीयन करा रहे हैं।

### 30 ने कराया पंजीयन

जानकारी के अनुसार जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एपीसी रफीक अंसारी, पीआर झाड़े, पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब की शाला समिति के अध्यक्ष भोलाराम पटेल, मामेश साहू, मानस साहू, भूपेंद्र साहू, इंदल पटेल, ढालदास साहू, कौशल साहू, भूपेश साहू, लीलाधर साहू, भुनेश्वर साहू, पुखराज, राजा, झलेश्वर, किशन आदि को बीते दिनों पंजीयन करना सिखाया गया। लगभग 30 पालकों ने श्री ब्योहरे के मार्ग दर्शन में पंजीयन कराया है। प्रधानपाठक कमला सिन्हा ने बताया कि शाला में पदस्थ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का पंजीयन हो गया है। जिसमें शिक्षक अंजय साहू , ठाकुरराम साहू, दुष्यंत कुमार साहू, कमोलनी लहरे, कमल कुमार जोशी, देशूराम देवांगन, करुणा साहू के सहयोग से सभी विद्यार्थियों का पंजीयन पूरा हो गया है।

## सौर ऊर्जा से रोशन हुआ ढेलू का घर

**खैरागढ़।** ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रही है। ब्लाक के पिपलाकछार निवासी ढेलू दास ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर एक नई मिसाल पेश की है।

स्थापना के मात्र एक माह के भीतर ही उनके सोलर प्लांट ने 298 यूनिट बिजली का शानदार उत्पादन किया है। इस पहल से न केवल उनके घर का बिजली बिल नाममात्र का रह गया है, बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचने से आय भी होने लगी है। आंकड़े अुनसार नवंबर माह में हुए कुल 298 यूनिट उत्पादन में से ढेलू दास ने 255 यूनिट बिजली ग्रिड को एक्सपोर्ट की। इसके बदले उन्हें 517 रुपये का सोलर रिबेट प्राप्त हुआ जिसके चलते उनका मासिक बिजली बिल जो औसतन 800 रुपए रहता था अब घटकर मात्र 160 रुपए पर आ गया है। ढेलू दास ने कहा कि योजना से उन्हें दुहरा लाभ मिल रहा है पहला बिजली बिल से स्थाई राहत और दूसरा अतिरिक्त बिजली से आमदनी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर प्लांट लगवाने पर सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है। 3 किलोवाट या उससे अधिक के प्लांट पर केंद्र सरकार से 78 हजार और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए यानि कुल 1 लाख 8 हजार रुपयों की आर्थिक सहायता मिल रही है। ढेलू दास ने अन्य नागरिकों से भी इस योजना को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि यदि हर घर सौर ऊर्जा को अपना ले तो पूरा प्रदेश ऊर्जा आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन जाएगा। यह योजना सही मायनों में आम आदमी को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।

## अबूझ पहेली बना खैरबना मिडिल स्कूल की छात्राओं का बेहाश होना

### डाक्टरी जांच में नहीं हुआ कारण का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शीतकालीन अवकाश के बाद खैरबना स्कूल में छात्राओं के बेहोश होने की शिकायत फिर सामने आने लगी है। स्कूल खुलने के बाद से छात्राओं के बेसुध होने का क्रम जारी है। करीब पखवाड़े भर पहले खैरबना प्राथमिक शाला में छात्राओं के बेसुध होने का मामला सामने आया था। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन दिन तक शिविर छात्राओं के हिमोग्लोबिन, बीपी, शुगर आदि की जांच किया था। समस्या का हल नहीं होने के बाद छात्राओं को सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाकर मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया गया था। इसी बीच शीतकालिन अवकाश हो गया। अवकाश के बाद जब स्कूल खुला तो छात्राएं प्रार्थना के बाद जब अपने कक्षा में जाने के कुछ देर बाद बेसुध होकर गिर जाती है। बेसुध होने वाली छात्राओं की संख्या कभी आधा तो कभी दर्जन से अधिक होती है।




### अध्यापन पर विपरीत प्रभाव

यह मामला सामने आने के बाद से छात्रों के अध्यापन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। समस्या को लेकर शिक्षक, पालक परेशान हैं। छात्रों की अर्धवार्षिक परीक्षा भी परेशानी के बीच जैसे तैसे लिया गया। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के एक ही परिसर में होने से सभी का ध्यान समस्या की ओर रहता है। समस्या के लगातार बने रहने से छात्रों में डर समाने लगा है वहीं पालक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं।

### समस्या का समाधान नहीं

स्कूल में लंबे से व्याप्त समस्या का हल निकल कर सामने नहीं आ रहा है। चिकित्सीय जांच में सभी छात्राओं को स्वस्थ पाया गया है। स्कूल में पूजा पाठ एवं अनुष्ठान भी कराया जा चुका है परन्तु समस्या जस के तस बनी है।

### मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों को दी गई राहत राशि की समीक्षा की गई। कैलेण्डर वर्ष 2025 से अद्यतन स्थिति में प्राप्त प्रकरण, प्रक्रियाधीन प्रकरण, लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य बिरमबाई मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर, समाजसेवक चंदन कश्यप, समाजसेवी लखन सूर्यवंशी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी गिरधारी साहू, उप पुलिस अधीक्षक अजाक थाना तनुप्रिया ठाकुर, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे।

### निधन

#### भूपेन्द्र ताम्रकार



**डोंगरगढ़।** नगर के भूपेन्द्र ताम्रकार का 4 जनवरी को दोपहर 1 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज ही शाम 5 बजे मुक्तिधाम में किया गया। नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## सार समाचार

### दुष्कर्म के आरोपी को सजा

**डोंगरगढ़।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा का आदेश पारित किया है। प्रकरण में आरोपी तुलसीदीप उर्फ राहुल पिता अन्नदानदीप निवासी बांधागांव उड़ीसा को दोषी पाए



जाने पर सजा दी गई है। जानकारी के अनुसार पीड़िता एवं अन्य साक्षियों के कथनों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिमा वर्मा ने आरोपी को धारा 137 (2) एवं 87 बीएनएस के तहत क्रमशः 3- 3 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1000-1000 रुपए अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में पृथक से 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम की धारा 5 (ठ) अंतर्गत आरोपी को 20 वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड का आदेश जारी किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। इस मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी की।



### बिजेतला में मनाया शाकम्भरी जयंती

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बिजेतला में आयोजित माँ शाकम्भरी जयंती समारोह में हिस्सा लेकर पूजा अर्चना किया। उन्होंने माँ शाकम्भरी के त्याग और परोपकार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि माँ शाकम्भरी ने विकट अकाल के दौरान अपने शरीर से शाक का उत्पादन कर सृष्टि का पालन किया था। यह आयोजन उत्साह और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।



### शेड और गौरव पथ का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मनगटा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बाजार में शेड निर्माण और गौरव पथ का भूमिपूजन किया। बाजार में शेड निर्माण होने से व्यापारियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। ग्रामीण खरीदार भी सुविधापूर्वक खरीददारी कर सकेंगे। वहीं गौरव पथ के निर्माण से आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### नक्सल पीड़ित करेंगे अनशन

**डोंगरगढ़।** नक्सल पीड़ित परिवारों ने नक्सल पुनर्वास नीति के तहत स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि का भुगतान 6 महीने से लंबित रहने के विरोध में आमरण अनशन करने की घोषणा की है। इससे पहले भी 500 से अधिक पीड़ित परिवारों ने रायपुर में धरना-प्रदर्शन कर नक्सल पुनर्वास नीति में संशोधन की मांग की थी। इस दौरान पुनर्वास नीति में संशोधन कर नई पुनर्वास नीति लागू कर लाभ देने की बात कही गई थी लेकिन अब तक कुछ ही परिवारों को लाभ मिला है। मृतक परिवारों को नियमों का हवाला देकर लाभ से वंचित रखा जा रहा है। पीड़ित परिवारों ने कल 5 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष निवास के सामने अनशन करने का फैसला लिया हैं।



### केन्द्रीय मंत्री ने किया देवी दर्शन

**डोंगरगढ़।** नववर्ष के अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। दर्शन उपरांत मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने केंद्रीय मंत्री श्री साहू की अगवानी की। इस अवसर पर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, मंत्री महेंद्र परिहार एवं ट्रस्टी नितिन पचेरीवाल उपस्थित थे। मंत्री श्री साहू ने नवनिर्मित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह अस्पताल नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस मौके पर शशिकांत द्विवेदी, जीएस राजपूत, विनीत यादव, पप्पू नामदेव, एसडीओपी आशीष कुंजाम, तहसीलदार श्री यादव मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### रायपुर में परिचय सम्मेलन 10 से

**डोंगरगढ़।** दो दिवसीय अग्रवाल एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 10 जनवरी से रायपुर में राम स्वरूप निरंजन धर्मशाला में रखा गया है। इस आयोजन में बड़े छोटे बिजनेसमेन, अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, जज आदि शामिल होंगे। आयोजन स्थल पर रिश्ते जोड़ने के लिए वरिष्ठ जनों की टीम, समन्वय समिति, कुंडली जाँचने पंडित, परिचय पुस्तिका उपलब्ध रहेगी। यह जानकारी संयोजक हरि वल्लभ अग्रवाल ने दी।

### पंडरिया में 27 से गूंजेगी रामकथा

**गंडई पंडरिया।** धर्म और आस्था की नगरी पंडरिया में इस वर्ष भी भक्ति की बयार बहने वाली है। नव युवा मंडल पंडरिया एवं समस्त नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नगर के प्रमुख केंद्र दैहान चौक में आयोजित होने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम की तिथि घोषित कर दी गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रेवाराम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ 27 जनवरी से होगा। इस पांच दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य की लगभग 30 सुप्रसिद्ध मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। ये मंडलियां अपनी अनूठी शैली और भजनों के माध्यम से प्रभु रामचंद्र जी की अमृतमय कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराएंगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पंडरिया के युवा और बुजुर्ग उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक बैठकें की जा रही हैं। मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नगरवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों से इस पावन आयोजन में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### कौड़िया में बनेगा महतारी सदन

**खैरागढ़।** ब्लॉक के ग्रापं सलिहा आश्रित कौड़िया में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने लगभग 25 लाख रुपयों की लागत वाले सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन के निर्माण की घोषणा की है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी कि गांव में एक ऐसा भवन बने, जिससे सभी वर्गों को सुविधा मिल सकें। महतारी सदन बनने से उनका यह सपना मूर्त रूप लेगा। गौरतलब है कि बीते कई सालों से महिलाएं गांव को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही हैं, लेकिन किसी बड़े और सुविधाजनक भवन के अभाव में बैठकों और सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों द्वारा भी भवन निर्माण की मांग की जा रही थी। महिलाओं के साथ-साथ क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक व शासकीय बैठकों के लिए उपयुक्त स्थान न होने के कारण ग्रामवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### छुईखदान को विधानसभा बनाने की मांग

# छुईखदान गंडई विकास मंच की बैठक में लिए गए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



नवीन जिले के गठन और नए सरकार के सत्तासीन होने पश्चात खैरागढ-छुईखदान-गंडई संयुक्त जिले के नामकरण के बाद भी संयुक्त जिले के दूसरे विकासखंड मुख्यालय छुईखदान के साथ साथ सबसे बड़े व महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र गंडई को जिस प्रकार से शासनिक, प्रशासनिक, सहित व्यापारिक उपेक्षाओं की ओर धकेला जा रहा है, या यूं कहें कि जिले के नामकरण का नेतृत्व करने वाले इन दोनों बड़े शहरों सहित इनके क्षेत्र में गिने जाने वाले समस्त ग्रामीण अंचल को जिस उपेक्षित व्यवहार का सामना करना पड रहा है वैसी स्थिति इतिहास में कभी नही देखी गई।

खैरागढ को अकेले थकेले छोड़कर छुईखदान-गंडई नगर विकास मंच का आयोजन इस बात की ओर साफ ईशारा करती है कि अब उपेक्षाओं का पानी सर से ऊपर चला गया है और अब हम अपनी लड़ाई स्वयं लड़ेंगे। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा हम अपना हक लेकर रहेंगे, उपेक्षा नही सही जाएगी और अगर अपेक्षित सहयोग समर्थन नही दिया तो बदले में वही दिया जाएगा जो हमे मिला है।

आयोजन में उपस्थित छोटे राजा देवराज किशोर दास, राजकुमार जैन, दीपक जैन, सज्जाक खान, रोहित पुलस्त्य, बलभद्र महोबिया ने बारी बारी से अपने विचार रखे, जिसमें जिला स्तरीय वे शासकीय कार्यालय जो कलेक्टर कार्यालय में नही लगते हैं उनकी स्थापना छुईखदान और गंडई शहर में किए जाने, खैरागढ विकासखंड और तहसील से बाहर छुईखदान और गंडई क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों का चौड़ीकरण तथा नवीनीकरण, संपूर्ण जिले के किसानों को समान फसल बीमा व क्षतिपूर्ति मुआवजा आदि के साथ ही आगामी समय में गठित होने वाले नवीन विधानसभा क्षेत्रों में छुईखदान एवं गंडई को मिलाकर एक अलग से विधानसभा क्षेत्र बनाए जाने की सुगबुगाहट साफ दिखाई दी। बैठक में देवराज किशोर दास, रोहित पुलस्त्य, राजकुमार जैन, भुनेश्वर साहू, किरण वैष्णव लाल, जितेंद्र किशोर दास, रावल कोचर, रमेश दाऊ, मुकेश वैष्णव, कमल वैष्णव, मनोज चौबे, प्रेम लाल साहू, नरसिंह साहू, दिवाकर महोबिया, सज्जाक खान, संजय जैन, गोलू जैन, दीपक जैन, उमाकांत महोबिया, शांतिलाल पारख, प्रकाश जैन, यशवंत बाघमार, भीम महोबिया, मधुकर महोबिया, महावीर सांखला, अमित महोबिया, संजय शर्मा, दीपक देशमुख, सन्नी महोबिया, गिरीश सेन, श्याम भट्ट, मधुमनगल सिंह, विक्रांत चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, संजय तिवारी, हेमंत वैष्णव, दीपक वैष्णव, मनीष कोचर, नवनीत जैन, भावेश कोचर, टिक्कू दादा, संदीप जैन, मनिक श्रीवास, कार्यक्रम का संयोजक बलभद्र महोबिया, आलोक यादव, सन्नी महोबिया सहित नगर एवं क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित थे।

### कई सुविधाओं का किया जिक्र

उपस्थित वक्ताओं ने पूर्व में इन दोनों ही नगरों व क्षेत्र में उपलब्ध प्रशासनिक सुविधाओं सहित छुईखदान जो पहले भी विधानसभा क्षेत्र रहा है सहित अनेक सुविधाओं का ज़िक्र किया। वही युवा वक्ताओं ने भूमि क्रय-विक्रय पंजीयन में रोक, रोड चौड़ीकरण, छिंदारी बाध क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित किए जाने, छुईखदान नगर पंचायत को पालिका का दर्जा और जनमानस से जुड़े समस्याओं को नगरजनों की ओर से किए गए प्रयासो और तथाकथित जनप्रतिनिधियों के कोरे आश्वासन व बेरूखी को सबके सामने रखा। अंत मे चर्चा की समाप्ति निचोड़ के रूप में सामने आई कि अब इन दोनों ही शहरों के उन लोगों को छोड़कर जो अपने शहर और गांव के विकास के लिए स्वयं संघर्ष करने पर विश्वास करते है मंच में लाकर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षक किया जाए और बिना किसी अनुमोदन अनुसंशा के विकास को गति दिया जाए।

## सौजन्य भेंट



**खैरागढ़।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह ने शनिवार को नई दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामना देकर विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

# खैरागढ़ सुपर लीग क्रिकेट स्पर्धा का भव्य आगाज़

- पत्रकार इलेवन ने नपा इलेवन को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आईपीएल की तर्ज पर राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित खैरागढ़ सुपर लीग 2026 का रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़ हो गया। रंगीन रोशनी, देर रात तक गुनगुनी ठंड मे दर्शकों की मौजूदगी और खिलाड़ियों के परफारमेंस ने पहले ही दिन आयोजन को यादगार बना दिया।

उद्घाटन मुकाबला पत्रकार इलेवन और नगर पालिका इलेवन के बीच खेला गया, जिसने अंतिम ओवर तक रोमांच बनाए रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नपा इलेवन की टीम ने निर्धारित 5 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर



65 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। छोटे प्रारूप के इस मुकाबले में उनके बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज़ में रन बटोरकर पत्रकार इलेवन के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार इलेवन की टीम ने संयम और आक्रामकता का संतुलित प्रदर्शन करते हुए मात्र 1 विकेट के नुकसान पर 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। जीत के नायक यथार्थ सिंह ने एक ओवर में पांच छक्के लगाकर 45 रनों की विस्फोटक पारी खेली। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से सम्मानित किया गया।

# फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन की व्यापक तैयारियां

**राजनांदगांव।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम 25 से 28 फरवरी तक किए जाने की व्यापक तैयारिया की जा रही है। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने मंडल की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 31वें महोत्सव पर चार दिवसीय कार्यक्रम 25 से 28 फरवरी तक धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

समिति के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव पर 23वीं निशान यात्रा लेकर 16 फरवरी को लगभग 125 श्रद्धालु निशान लेकर खाटु श्याम को समर्पित करने जाएंगे, जो खाटू श्याम से पुष्कर राज, सांवरिया सेठ, श्रीनाथजी के दर्शन कर वापस लौटेंगे। संस्कारधानी नगरी में 31वां फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल नवमी से फागुन शुक्ल द्वादशी तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक, निशानयात्रा, भव्य भजन-संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी आयोजित किया जाएगा। बैठक में गोपाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक लोहिया, पं. कालू महाराज, जयराज चौथवानी, संतोष हुंका, संतोष महोबिया, शिव अग्रवाल, संतोष सिंघल, संतोष गोयल, लक्ष्मण लोहिया, जीतू जैन, अशोक अग्रवाल, राहुल लोहिया, आशीष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, हर्ष लोहिया, सूरज अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक 25 को

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अनुसार खाटू धाम उदयाचल प्रांगण में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 25 फरवरी को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक होगा। दोपहर 4.30 बजे खाटूधाम उदयाचल प्रांगण से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो भजन-सत्संग के साथ नगर भ्रमण करते वापस खाटूधाम उदयाचल पहुंचेगी। दूसरे दिन 26 फरवरी एवं तीसरे दिवस 27 फरवरी को रात्रि 07 बजे से श्याम दीवानों द्वारा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित की जाएगी। चतुर्थ दिवस 28 फरवरी को दोपहर 03 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ होगा। रात्रि 7 बजे से सवामनी प्रसादी के साथ महोत्सव पूर्ण होगा। महोत्सव के तीनों दिन अलग-अलग स्वरूप में श्याम प्रभु का अद्भुत श्रृंगार किया जाएगा।

# धान खरीदी की तारीख 10 फरवरी तक बढ़ाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धान खरीदी प्रक्रिया में किसानों की परेशानी को लेकर आम आदमी पार्टी ने खरीदी दस फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है। आप जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि अन्नदाता परेशान हैं पर प्रदेश सरकार आंख मूंदे हुए है। जब से धान खरीदी चालू हुई है तब से पार्टी लगातार किसानों से जुड़े मुद्दों और समस्या निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन देते आ रही है।

प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन बाद भी सरकार किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है। धान खरीदी की समय सीमा 31 जनवरी रखी है चूंकि टोकन, पंजीयन, रकबा सुधार या अन्य कारणों जैसी अनेक समस्याओं के चलते किसान अपना पूरा बेच नही पाया है इसलिए धान खरीदी 10 फरवरी की जानी चाहिए ताकि किसान पूरी फसल बेंच सकें। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि इसके अलावा भुगतान को लेकर जिला सहकारी बैंक अनिवार्यता समाप्त होनी चाहिए। किश्तो मे भुगतान बंद हो और खरीदी केंद्रों में किसान की फोटो खींचने की अनिवार्यता समाप्त कर टोकन लेकर जाने वाले व्यक्ति को अंदर जाने दिया जाए भले तौल के बाद किसान आकर अपना अंगूठा लगाए। मनोज गुप्ता ने कहा कि अन्नदाता की जगह इतना ही पहरा नीरव मोदी पर लगाते तो विदेश नही भागता। खरीदी शुरू करने के तुरंत बाद डीओ जारी करने और परिवहन का अनुबंध कर लेना था लेकिन अनुंबध मे देरी की वजह से जाम की स्थिति बनेगी और खरीदी प्रभावित हो रही है। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि किसानों से कम धान खरीदने सरकार की सोची समझी साजिश है। भाजपा सरकार को चेताया कि किसानों की मांगों और समस्याओ को समय रहते सरकार नहीं सुलझा पाई तो 5 फरवरी को पार्टी किसानों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी।

# एनएसएस शिविर में व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## विकसित भारत 2047 की अवधारणा पर ग्रामीणों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




ब्लाक के अवेली में राष्ट्रीय सेवा योजना तहत आयोजित संयुक्त सात दिवसीय दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी उमा विद्यालय और शासकीय उमा विद्यालय मदुराकुही की एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में शिविर संचालित हो रहा है।

शिविर दौरान बौद्धिक परिचर्चा में जिपं सीईओ व स्वीप नोडल प्रेम कुमार पटेल ने नशा मुक्त भारत अभियान और विकसित भारत 2047 की अवधारणा पर विस्तारपूर्वक स्वयंसेवकों व ग्रामीणों से संवाद किया। सत्रह प्लस आयु वर्ग के युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी और शिविरार्थियों से कहा कि वे अपने-अपने गांव लौटकर सभी पात्र युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही विवाह पश्चात महिलाओं के नाम में संशोधन व स्थानांतरण की प्रक्रिया के प्रति भी लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। इससे पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान उपसरपंच कमलेश यादव, ग्राम प्रमुख खेलन साहू, पंच नरेंद्र सेन, सचिव दुलार साहू, पूर्व सरपंच खोमलाल साहू, धनीराम साहू, राजेश्वरी साहू, रासेयो प्रभारी केके वर्मा, विष्णुदास जोशी, महेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नशा मुक्त भारत अभियान पर परिचर्चा

शिविर अंतर्गत आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में समाज कल्याण विभाग के प्रभारी सहायक संचालक केके पटेल ने नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य, प्रभाव और समाज में इसके महत्व पर स्वयंसेवकों व ग्रामीणों के साथचर्चा की। श्री पटेल ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, अंर्तजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि सहित विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से इन योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभागीय योजनाओं को लेकर जागरूकता रैली निकाली और नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

### विभिन्न सामाजिक विषयों पर की गई चर्चा

# हर्षोल्लास के साथ हुआ दुबेलिया तेली साहू समाज का 79 वां वार्षिक महासभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के कौड़िया में दुबेलिया तेली साहू समाज का 79वां वार्षिक महासभा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, स्पर्धा सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर बैठक साथ हुआ। जिपं सभापति व खैरागढ़ मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य, केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज अध्यक्ष शिवकुमार साहू की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, जनपद सभापति कोमल वर्मा, शीतल पुनीत साहू के स्वागत बाद समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर महासभा का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि दिनेश वर्मा ने कहा कि दुबेलिया तेली साहू समाज प्रदेश ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र तक अपनी एकता और संगठन शक्ति के लिए जाना जाता है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में वैवाहिक समंवय को बढ़ावा देते हैं इससे अन्य समाजों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यकम अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने बताया कि दुबेलिया तेली साहू समाज का प्रधान कार्यालय धमधा पेंड्री में है। हर साल वार्षिक महासभा में खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, धमधा, दुर्ग, भिलाई, रायपुर और नागपुर से समाज के बंधु बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाते हैं। उन्होंने बताया कि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह द्वारा छुईखदान के श्यामपुर भवन में बोर खनन और सांसद संतोष पांडेय द्वारा समाजिक भवन का निर्माण कराया गया है।

### शिक्षित और संगठित है समाज

जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी ने समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज शिक्षित और जागरूक है, जो समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन कर अपनी एकजुटता का परिचय देता है। उन्होंने सरपंच शीतल साहू की मांग पर मुक्तिधाम शेड निर्माण और सीसी रोड निर्माण के लिए जनपद पंचायत विकास निधि से राशि दिलाने की घोषणा की। इस दौरान सामाजिक महिलाओं द्वारा रस्साकशी, कुर्सी दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गईं। रंगोली स्पर्धा में महिलाओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ बुजुर्गों का सम्मान किया गया। समापन पर अतिथियों को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय सहसचिव डॉ सीआर साहू और आभार प्रदर्शन ब्लॉक सचिव बसंत साहू ने किया। इस अवसर पर रामसुख साहू, बद्रीप्रसाद साहू, संतोष साहू, अलखराम साहू, सुंदरलाल साहू, मनीराम साहू, किशन साहू, अनीश साहू, हरखलाल साहू, सुरेश साहू, बैतल साहू, दीपक साहू, मनीष साहू, मनोज साहू, अनुज साहू, हेमंत साहू, भुवन साहू, संतन साहू, छन्नू साहू, केशव साहू, नंदू साहू, जगत साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी का एक दिवसीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, झेरिया यादव समाज उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, राजनीतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव, प्रदेश संगठन सचिव सेवकराम यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशा संतोष यादव, अं. चौकी जनपद सदस्य देवकी परमेंद्र यादव, कनेरी सरपंच मदनलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत यादव, सरपंच माहेश्वरी रंजीत यादव की उपस्थिति में डोंगरगढ़ में संपन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष ज्योतिषराम यादव के अगुवाई में यादव नृत्य के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचा। अतिथियों का अबीर, गुलाल की टीका फूलों की माला पहनाकर बैच लगाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ज्योतिषराम यादव ने स्वागत भाषण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें अं. चौकी तहसील मुख्यालय के लिए यादव समुदाय भवन निर्माण बाबत 25 लख रुपए का अनुदान का मांग रखा गया। डोंगरगढ़ सामुदायिक भवन के लिए शौचालय तथा बाउंड्रीवाल का मांग किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, नवाज खान, प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने भी अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा व्यक्ति सतत संघर्ष और मेहनत करते सफलता की उच्चतम शिखर को प्राप्त किया जा सकता है। सफलता पाने हमें सतत अभ्यास करने की आवश्यकता है। हमारे मन में कभी भी निराशा की भावना नहीं आनी चाहिए। क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवकुमार यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। लगभग 200 युवक-युवतियों ने अपने-अपने परिचय दिए। समाज के जनप्रतिनिधियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ बुजुर्गों मोहनलाल यादव एवं बिशंभर यादव का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रमों का संचालन सेवकराम यादव, पन्नालाल यादव एवं देवकुमार यादव ने किया। इस अवसर पर जगतराम यादव, सुशीला यादव, गायत्री यादव, सुभद्रा यादव, शत्रुघन यादव, नरेश यादव, वैशाखूराम यादव, ज्योति रानी यादव, गरीबा यादव, रमेश यादव, जीआर अहीर, भारत यादव, सहदेवराम यादव, संतोष यादव, विष्णु यादव, शत्रुघन यादव, अनेश्वर यादव, सतदेव यादव, पवन यादव, नरेश यादव, कमलेश यादव, ममता यादव, शैलेंद्री यादव, शंकर यादव, अनिल यादव, अनुज यादव, संतोष यादव, शत्रुघन यादव, संतोषी यादव, भूपेंद्र यादव, इंद्रकुमार यादव, अनिल कुमार यादव, कृष्णा यादव, कृष्णा यादव, राकेश यादव, जगतू राम यादव, यदुराम यादव, गुरुदेव यादव, गौरी यादव, रीना यादव, नंदा यादव, रितेश यादव, जोतराम यादव, संतोषु यादव, नरसिंह यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।



## सार समाचार

### युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने हरीश

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक सतनाम भवन स्थित मुख्य कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में समिति के



पदाधिकारियों की उपस्थिति में रायशुमारी के बाद सर्वसम्मति से जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गुलाब चंदेल को पदमुक्त करते हरीश कुमार सोनवानी को नया जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री सोनवानी लंबे समय से समाजहित में सक्रिय हैं। वे युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक आयोजनों से जोड़ने और रचनात्मक गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मनोनयन से समाजजनों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर वासुदेव जोशी, पार्थ गेंडरे, परस लहरे, गोलू सूर्यवंशी, बंटी महिलागे, मोहित जोशी, बंटी चंदेल, दिनेश बंजारे, दीपक जोशी, सुनील, मनीष, वासु, मिथिलेश, संतोष भारती, कपिल सूर्यवंशी, देवा बंधे, परमानंद, सचिन, रवि भारती, अजीत महिपाल, शुभम बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, हर्ष मारकंडे, उत्तम जांगड़े, अमरदास बंजारे, धीरज, आकाश नारंगे, अमरदास बंजारे सहित अन्य गणमान्य लोगों ने समाज के प्रति आभार जताते नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी।

### अवैध प्लाटिंग मामले में एफआईआर करवाने की मांग



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने पार्रीकला में अवैध प्लाटिंग मामले में कलेक्टर से एफआरआर करवाने की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा अनवरत अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमि स्वामी, भू-माफिया, कुछ कालोनाईजर आदि द्वारा शासन के नियम विरूद्ध अवैध प्लाटिंग कर शासन को आर्थिक वित्तीय हानि आदि का नुकसान शासन के कुछ विभाग प्रमुख भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों पटवारी, आरआई आदि की मिलीभगत के चलते जो खेल हो रहा था? उस पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर जिस तरह पार्रीकला से सटे लगभग 5 एकड़ क्षेत्रफल और लखोली क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर जो बुलडोजर चलवाकर सड़क और नाला-नाली तोड़ी गई। जिसका समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ, वह कार्य शासनहित और जनहित में सही है।

### जंगल कटाई और वन्यजीव मौतों पर सरकार मूकबधिर

**राजनांदगांव।** जल, जंगल और जमीन छत्तीसगढ़ की मूल प्राकृतिक पहचान और सबसे बड़ी धरोहर है, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों के



चलते आज यही धरोहर सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। प्रदेश में अंधाधुंध जंगल कटाई और संरक्षित वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण व्यवस्था को पूरी तरह कटघरे में खड़ा कर दिया है। सूरजपुर में बाघ और खैरागढ़ में तेंदुए की संदिग्ध मौत के बाद यह सवाल और गहरा हो गया है कि आखिर छत्तीसगढ़ के जंगल और वन्यजीव किसके भरोसे छोड़ दिए गए हैं। ये घटनाएं केवल संयोग नहीं, बल्कि व्यवस्था की गंभीर विफलता को उजागर करती है। इन घटनाओं को लेकर युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने सरकार पर तीखा हमला बोलते कहा कि जो सरकार जल, जंगल और जमीन की रक्षा की बात करती है, उसी के शासनकाल में जंगल काटे जा रहे हैं और वन्यजीव मारे जा रहे हैं।

### जन्मदिन पर कई कार्यक्रमों में शामिल हुए भाजयुमो प्रदेश मंत्री, व्यक्त की कृतज्ञता

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह



ने अपना जन्मदिन सभी वर्ग के लोगों के साथ साझा किया। इस दौरान वे शहर के अलग-अलग वार्डों में वे पहुंचे जहां सामाजिक संस्थाओं, युवाओं सहित महिलाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। जिले के अलग अलग क्षेत्र में भी वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुए जहां उन्होंने लोगों के बीच जन्मदिन मनाया। जिले के अन्य क्षेत्रों से आए युवाओं ने भी भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री ने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। मोनू ने कहा कि, सामाजिक जीवन में हमारी माताओं-बहनों, वरिष्ठों और युवाओं से जो स्नेह मुझे मिला है वह ही मेरी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि, जन्मदिन सभी के जीवन में एक विशेष अवसर है। मुझे खुशी है कि मैं अपनी खुशियां सभी वर्ग के लोगों के साथ साझा कर पा रहा हूं। सभी का मुझसे निजी जुड़ाव एक खुशहाल परिवार की तरह महसूस होता है। 2 जनवरी को जन्मदिन के अवसर पर मोनू बहादुर सिंह का कई स्थानों पर अभिनंदन किया गया। विभिन्न जगहों में स्वागत किए जाने के बाद केक काटा गया। सुबह से प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर के निज कार्यालय में पहुंचकर मित्रों ने कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी । सामान्य जन भी इसका हिस्सा बने। शहर के वार्डों की कई समितियों और खिलाड़ी बच्चे भी उनसे मिले और उन्हें बधाईयां दीं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मोनू ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

### निधन



#### सरस्वती अग्रवाल

**डोंगरगढ़।** वार्ड नं. 14 निवासी श्रीमती सरस्वती अग्रवाल ध.प. स्व.डोमेश्वर अग्रवाल का अस्वस्थता के चलते 75 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार 11 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम छिरपानी के लिये निकाली जाएगी। वे पूनम, मुकेश की माताजी थी।

# भाग्योदय से ही मिलता है श्रीमद् भागवत कथा सुनने का पुण्यः आचार्य युवराज

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत पदुमतरा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर जहां स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। पूरा वातावरण "हरि नाम" और भक्ति भाव से सराबोर रहा।

राष्ट्रीय एवं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित श्री युवराज पाण्डेय ने दूसरे दिन की कथा में श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल मोक्ष का मार्ग ही नहीं दिखाता, बल्कि प्रेत बाधा, मानसिक कष्ट और सांसारिक पीड़ाओं का भी नाश करने वाला है। उन्होंने धुंधकारी प्रसंग का सजीव वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रेत योनि में भटक रहे धुंधकारी को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से मुक्ति प्राप्त हुई। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कथा स्थल पर गहन शांति का अनुभव हुआ।

कथा के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया। कथा में यजमान भुवनेश्वर मधु बघेल,ओमप्रकाश कविता साहू, भागीरथी भारती साहू, जनपद सदस्य ललिता साहू ,सरपंच हिना साहू,राकेश साहू सहित जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति ,महिला मंडल भागवत समिति व हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किये ।



#### हरि बोल के जयकारे

कथा के दौरान पंडित श्री पांडे जी की ओजस्वी वाणी, मधुर भजन और भावपूर्ण व्याख्या ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु बंधु कथा को एकटक सुनते रहे और कई बार भावुक होकर "हरि बोल" के जयकारे लगाते नजर आए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

#### नारद की कथा का वाचन

कथा वाचक युवराज पांडे ने नारद मोह की कथा के माध्यम से यह संदेश दिया कि माया और अहंकार में फंसकर जीव अपने वास्तविक लक्ष्य को भूल जाता है। नारद जी जैसे महर्षि भी जब मोह में पड़े तो उन्हें आत्मबोध के लिए प्रभु की शरण लेनी पड़ी। इसी क्रम में उन्होंने राजा परीक्षित के चरित्र का भी सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे मृत्यु का श्राप मिलने के बाद भी राजा परीक्षित विचलित नहीं हुए, बल्कि उन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया।

## आधार अपडेट कराने केंद्रों में उमड़ रही भीड़

# केवाईसी नहीं, चावल का आबंटन रूका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राशन कार्ड में आधार अपडेट के बाद केवाईसी नहीं होने के चलते कई परिवारों के चावल में कटौती कर दी गई है। प्रत्येक वार्ड में लगभग दो दर्जन से अधिक परिवारों में सदस्यों का केवाईसी नहीं होने के चलते राशन आबंटन नहीं हुआ है। हालांकि शासन द्वारा पहले ही बच्चों का आधार अपडेट करने और केवाईसी करने कहा जा रहा था, लेकिन कई परिवारों ने आधार अपडेट कराया और केवाईसी नहीं कराया। जिसके चलते राशन में कटौती कर दी गई है। हितग्राही जब राशन दुकान पहुंच रहे हैं तो उन्हें चावल में कटौती होने की जानकारी मिल रही है।

खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिकता राशन कार्ड वाले तीन सदस्य परिवारों को 35 किलो चावल दिया जाता है। इस परिवार में बच्चों का केवाईसी नहीं होने से अब 20 किलो चावल ही मिला है। इसके बाद अब माता-पिता अपने बच्चों का आधार अपडेट कराकर केवाईसी कराने में जुटे हुए हैं। वहीं राशन कम मिलने से भी आक्रोश नजर आ रहा है।

**नहीं मिल रहा चावलः** तीन से पांच सदस्य वाले परिवारों में 35 किलो चावल देना है, लेकिन जहां तीन सदस्यों का केवाईसी हुआ है और एक सदस्य का केवाईसी नहीं हो पाया है, वहां भी 26 किलो चावल दिए जाने की शिकायत हितग्राहियों ने की है।



#### आधार अपडेट कराने भीड़

5-10 और 15 वर्ष आयु पूरी करने वाले बच्चों का बायोमेट्रिक आधार अपडेट करना अनिवार्य है । आधार अपडेट नहीं होने के चलते इन बच्चों के नाम पर आवंटित चावल में कटौती कर दी गई है। जिसके चलते आधार सेवा केन्द्रों में बायोमैट्रिक अपडेट करने के लिए पालकों के साथ बच्चों की भीड़ देखी जा रही है। कुछ पालकों द्वारा अपने बच्चों का आधार अपडेट कराया गया है, लेकिन केवाईसी नहीं होने की वजह से भी आधार अपडेट के बाद राशन जारी नहीं किया गया है।

#### बुजुर्गों को हो रही दिक्कत

राशन लेने के लिए केवाईसी के चलते कई बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ बुजुर्गों का थंब इंप्रेशन नहीं मिलने की वजह से उन्हें राशन आवंटित नहीं हो रहा है। जबकि थम इंप्रेशन नहीं होने पर फेस कैप्चर के माध्यम से राशन वितरण किया जाना है, लेकिन शहर के राशन दुकानों में फेस कैप्चरिंग नहीं हो रहा है। कुछ राशन दुकान संचालकों ने बताया कि विभाग से फेस कैप्चर को लेकर कोई भी निर्देश नहीं मिला है। थंब इंप्रेशन के आधार पर ही राशन वितरण हो रहा है। बसंतपुर वार्ड में राशन लेने पहुंची बुजुर्ग महिला उमाबाई और कमलाबाई ने बताया कि उन्हें निराश्रित पेंशन मिलता है और उनका सिंगल कार्ड है। इसमें और कोई सदस्य नहीं है, अंगूठे का निशान नहीं मिलने की वजह से उन्हें राशन नहीं दिया गया है।

### कमला कालेज में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में 2 जनवरी को भारतीय ज्ञान प्रणाली में गणित, कला और रचनात्मकता थीम पर मैथेमैटिकल क्विज, कार्यशाला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने अपने उद्बोधन में गणित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि गणित तार्किक सोच, समस्या, समाधान, क्षमता एवं जीवन में सफलता का सशक्त आधार है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. केके देवांगन ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, व्यक्तित्व एवं गणित में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में जुट रही दर्शकों की भीड़



**राजनांदगांव।** नीलू शर्मा फैंस क्लब द्वारा आयोजित प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन का आयोजन खेल भावना एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न समाचार पत्रों के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने की।

चौथे दिन का मुकाबला यूथ स्टार 11 एवं अब्राहम 11 टीमों के बीच खेला गया, जिसमें अब्राहम 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 79 रनों से विजय हासिल की। मैच में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने वाले रोहित बसोड़ को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

उपस्थित अतिथियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ नगर में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप सुशील कोठारी, शशांक तिवारी, सचिन अग्रहरि (ब्यूरो चीफ, हरिभूमि), संदीप साहू एवं मोहन कुलदीप उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा अतिथियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन हेतु सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## महापौर ने किया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर मधुसूदन यादव ने द्वारा शहर के गौरव, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम के मैदान की स्थिति (एस्ट्रोटर्फ) बदलने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही खिलाड़ियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।

महापौर ने एस्ट्रोटर्फ की गुणवत्ता की जांच की और खेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैदान की सफाई और पानी के छिड़काव में कोई कोताही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेंजिंग रूम, जिम और खिलाड़ियों के विश्राम गृह का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि यह स्टेडियम शहर की पहचान है और यहाँ से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि हम खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करें। स्टेडियम के उन्नयन के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी,जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भूषण साव, रमेश डाकलिया, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, प्रिंस भाटिया, रणविजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

# महिला आरक्षक पर हमले का विरोध, पुतला दहन

**राजनांदगांव।** बीते दिनों रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक में कोयला खदान के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक महिला आरक्षक की वर्दी फाड़ दी।



प्रदर्शनकारियों ने महिला आरक्षक को अर्धनग्न कर दिया, उसका वीडियो बनाया, उसके साथ मारपीट करते हुए बर्बरता की गई। इस मामले के विरोध में जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के मानव मंदिर चौक पर गृह मंत्री, महिला बाल विकास विभाग मंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। तमनार में प्रदर्शनकारियों द्वारा महिला आरक्षक के ऊपर किए गए हमले, कानून व्यवस्था के मामले को लेकर प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को घेरते हुए जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गृह मंत्री विजय शर्मा, महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

#### कलेक्टर एसपी को निलंबित करने की मांग

प्रदर्शन के दौरान जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए मानव मंदिर चौक पर बैठकर रघुपति राघव राजा राम भजन गाते हुए वहां के कलेक्टर और एसपी को निलंबित करने की मांग भी की है । इधर तीन मंत्रियों के पुतला दहन की सूचना के बाद भी पुलिस पुतला जलने से नहीं रोक पाई । वहीं पुतला जलने के बाद पुतले की आग बुझाने पानी डालकर असफल प्रयास किया।

## स्टेट हाई स्कूल में रात्रिकालीन सेवन ए साइड फुटबाल लीग स्पर्धा

# रोमांचक मुकाबले के बीच खिलाड़ियों ने दिखाया जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित रात्रिकालीन सेवन-ए-साइड फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन दर्शकों को रोमांच से भरपूर मुकाबले देखने को मिले। दूधिया रोशनी में खेले गए इन मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन फिटनेस, आपसी तालमेल और सटीक रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे मैदान दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।



पहला मैच में अपना मार्ट बनाम हरि ओम ऑटो, कड़े संघर्ष वाले मुकाबले में अपना मार्ट ने 1–0 से जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन के लिए पोषण सागर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरा मैच सुपर स्ट्राइकर बनाम एज़ी हार्डवेयर, दोनों टीमों के बीच मुकाबला 0–0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच में दोनों ओर से मजबूत डिफेंस और गोलकीपरों का सराहनीय प्रदर्शन देखने को मिला। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सौरभ मेहर रहे। तीसरा मैच में पद्मावती यामाहा बनाम काका एफसी, कड़े संघर्ष में काका एफसी ने 1–0 से जीत हासिल की। निर्णायक प्रदर्शन के लिए यश रामटेके को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इसके उपरांत बोरिंग एफसी बनाम अमृत स्ट्राइकरज़, बोरिंग एफसी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 5–0 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस मुकाबले में करमन भाटिया मैन ऑफ द मैच रहे। सभी मैचों के निर्णायक अखिलेश मिश्रा, राजू तिवारी एवं नवीन शर्मा थे।

#### मैन ऑफ द मैच पुरस्कार का वितरण

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव वर्मा, सुमित भाटिया, प्रशांत गुप्ता एवम प्रखर श्रीवास्तव के करकमलों से खिलाड़ियों को प्रदान किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया एवं उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। आयोजक काका फुटबॉल क्लब के अलीम खान, विजय मरकर एवं पप्पू निषाद ने संयुक्त रूप से बताया कि ऐसी खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे और असामाजिक गतिविधियों से दूर रखकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच भी प्रदान करती हैं।

### संजय बने क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत



महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह को क्षत्रिय करणी सेना का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत की सहमति से उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया है।

इसके पूर्व श्री बहादुर को छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया, उनकी कार्यशैली और समाज के प्रति लगाव को देखते हुए क्षत्रिय करणी सेना ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के विस्तार के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है।

हरिभूमि
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...
'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें-
अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993
मोहला : आभास शर्मा - 6260517094
पिनकापार : - 6268260462






मजबूत सड़क नेटवर्क से अंतिम छोर के गांव तक पहुंचेगा विकास की रोशनी: डिप्टी सीएम

# विजय शर्मा ने 18 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 18 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यो का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की बुनियाद होता है। विष्णुदेव साय सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर बसे गांव तक भी मजबूत और सुरक्षित सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से प्राप्त हो सकें। भूमिपूजन किए गए सड़क निर्माण कार्यो में टी-03 मेन रोड से लासाटोला तक किया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 15.20 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण हेतु 9 करोड़ 89 लाख 70 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह एमएल 07 मेन रोड (एनएच 12) से भेदली तक सड़क निर्माण किया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 12.91 किलोमीटर है। इसके लिए 8 करोड़ 13 लाख 30 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है।

उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से मेन रोड से लासाटोला, बदराडीह, बम्हनी, महारटोला, नवागांव, नेवासपुर सहित आसपास के अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही मेन रोड से भेदली, भीमपुरी, झिरौनी, जिंदा, खैरझिटी खुर्द, कुटकी पारा, सोनपुरी एवं थूहाडीह के ग्रामीणों को भी बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट और दृढ़ लक्ष्य है कि विकास की रोशनी अंतिम छोर पर बसे गांव तक पहुंचे। इसके लिए मजबूत, सुरक्षित और सर्वमौसम सड़क संपर्क को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है।

### सड़क निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी: श्री शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा व्यापार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुगमता मिलेगी और गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, पुल, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का संकल्प है कि हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें। सभी ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 7 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में श्री लक्ष्मी नारायण एवं भगवान भूतभावन महादेव की कृपा से दिव्य नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 7 से 15 जनवरी तक किया जाएगा। वहीं नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर ग्रामवासियों सहित आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्रीराम कथा के लिए अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा व्यास जगतगुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य श्री श्री 108 वल्लभाचार्य (अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश) तथा महंत रसी केश्वर दास महाराज (खजुहा धाम रीवा, मध्य प्रदेश) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही अनंत विभूषित पंचरसाचार्य प्रेमावतार स्वामी श्रीमद् राम हर्षण दास महाराज का सान्निध्य भी प्राप्त होगा। महायज्ञ के यज्ञाचार्य एवं मंच संचालन पं मेघानंद शास्त्री (कर्मकांडी) ग्राम सिल्हाटी द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती कंचनलता पहलाद तिवारी होंगी, जबकि ग्राम आचार्य के रूप में पं राधेलाल शर्मा (ग्राम कंझेटा) अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रतिदिन भोजन प्रसाद भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। आयोजक समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## नाऊडीह तालाब किनारे गौठान का संचालन, पानी दूषित होने से ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जरती के आश्रित ग्राम नाऊडीह में स्थित निस्तारी तालाब का एक हिस्सा गौठान संचालन के कारण पानी दूषित होता जा रहा है। तालाब के एक भाग में गौठान संचालित होने से मवेशियों का गौ-मूत्र व गोबर सीधे तालाब के पानी में मिल रहा है, जिससे पूरा तालाब प्रदूषित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में न तो पचरी का निर्माण किया गया है और न ही पानी की शुद्धता बनाए रखने की कोई व्यवस्था है। ऐसे में लोगों को निस्तारी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूषित पानी के कारण खुजली, चर्म रोग सहित अन्य बीमारियों की आशंका भी बनी हुई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि तालाब गांव की प्रमुख जलस्रोत है, लेकिन वर्तमान स्थिति में इसका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर शासन-प्रशासन को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। ग्रामीणों की मांग है कि मवेशियों के लिए गौठान की उचित व्यवस्था अलग स्थान पर की जाए तथा तालाब के किनारे पचरी का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ पानी व बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

## खबर संक्षेप



### पीजी कॉलेज में मतदाता जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** पीजी कॉलेज में स्वीप समिति एवं मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा। इस अवसर पर 1 जनवरी 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म-6 का वितरण किया गया। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र भगवान दास बंजारे के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नव मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया गया। उपस्थित प्राध्यापकों ने मतदाता जागरूकता विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक देवांगन ने की। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन स्वीप नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार कुलमित्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर आस्था एनजीओ के प्रमुख दौलत राम कश्यप, संतोष कुमार साहू, भानु प्रताप सिंह, डॉ कविता कन्नौजे, ओ एन कुर्रे, हनुमान बंजारे, सीबी चंद्रवंशी, फलित राम साहू, जयंत साहू सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में रसानयज्ञ पदों की भर्ती होगी। इसके लिए परीक्षा 11 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे तक होगी। इसका प्रवेश पत्र व्यापमं की वेबसाइट में जारी किया गया है।

# स्वामी करपात्री स्कूल में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

## सेफ टच-अनसेफ टच के बारे में भी जानकारी दी गई




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर जिला संगठक श्रीमती केएस परिहार एवं प्राचार्य डीएस जोशी के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी वजनराम साहू के मार्गदर्शन में ग्राम बरहट्ठी विकासखंड बोड़ला में आयोजित है। जिसमें 50 शिविरार्थी सात दिवस तक डिजिटल इंडिया, पर्यावरण संरक्षण, बाल-विवाह रोकथाम, नारी शिक्षा, नशामुक्ति, चाइल्ड लाइन 1098, स्वच्छता, सामाजिक समरसता जैसे जन जागरूकता अभियान व सेवा कार्य कर रहे हैं। शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रभात फेरी एवं योग पीटी से हुआ, जिसमें सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, फुर्ती व्यायाम किया। लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठ जाग मुसाफिर, नौजवान आओ रे जैसे गीतों द्वारा लोगों को जागरूक किया। परियोजना कार्य में मंदिर देवालय के आसपास सफाई, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत नारा लेखन किया गया। अपरान्ह 2:00 बजे बौद्धिक सत्र में महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है, ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है, कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं। इसके साथ साथ सेफ टच अनसेफ टच के बारे में भी जानकारी दिया गया। एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरुकता कार्यक्रम के बारे में बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम के लिए रैली निकाली गई। ग्राम के छात्र छात्राएं भी शामिल हुई साथ ही ग्राम के उपसरपंच सत्तेलाल पटेल, गणमान्य नागरिक संतराम, ओंकार पटेल, रामकुमार पटेल, धनेश्वर और विद्यालय के व्याख्याता बीआर लहरे एवं केएल गुप्ता सेवानिवृत्त व्याख्याता तथा स्कूल के प्रधान पाठिका मथुरा धुर्वे, शिक्षक सूरज पाली कार्यक्रम में उपस्थित थें।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई

सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाल संरक्षण पर सूर्या, लालमणि, अतुल, सागर, लोकुश, सत्खोजन ने नाटक तथा छात्राओं रीना, युवती, मेघा, रिया, द्लिलेश्वरी, लवली, स्नेहा, दिव्यांशी, साक्षी, दीपिका, माही, रेवती, तनीषा ने छतीसगढ़ी सुआ व पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। सागर पार्धी ने लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन विजेश भास्कर ने किया।

# कोयलारी के विद्यार्थियों ने किया माता जतमई घटारानी व राजिम का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कोयलारी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत माता जतमई, घटारानी एवं राजिम स्थित राजीव लोचन मंदिर का दर्शन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों की प्रत्यक्ष जानकारी देना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति की गोद में बसे माता जतमई एवं घटारानी के मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन किया। पहाड़ों, हरियाली, झरनों और शांत वातावरण ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर विद्यार्थी अत्यंत आनंदित दिखाई दिए और उन्होंने अपने अनुभवों को शब्दों में व्यक्त किया। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को भ्रमण के अनुभवों को डायरी में अंकित करने के निर्देश दिए गए, जिसे सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने कॉपियों में लिखा। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम माता जतमई के दर्शन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किए। इसके पश्चात घटारानी पहुंचकर माता घटारानी के दर्शन किए और वहां की प्राकृतिक छटा का आनंद लिया। इसके बाद भ्रमण दल राजिम पहुंचा, जहां विद्यार्थियों ने महानदी के मध्य स्थित महादेव मंदिर एवं भगवान राजीव लोचन मंदिर के दर्शन कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य मदनलाल चन्द्राकर के दिशा-निर्देश में तथा शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी सुनील कांसकार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर व्याख्याता कीर्तन नायक, पूर्व माध्यमिक प्रभारी प्रधान पाठक मुकेश साहू, अतिथि शिक्षक कुमेश्वरी, हेमलता, उमा एवं खिलेश का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को यात्रा के दौरान अनुशासन, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# महतारी वंदन व निराश्रित पेंशन की राशि चार माह से नहीं मिली, हितग्राही परेशान

- पीड़िता ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र लंबित राशि जारी करने लगाई गोहार।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पीपरमाटी निवासी श्रीमती पृथ्वी बाई यादव ने बताया कि उन्हें बीते चार माह से न तो निराश्रित पेंशन और न ही महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो रही है, जबकि पूर्व में दोनों योजनाओं का नियमित लाभ मिलता था। पीड़िता हितग्राही ने बताया कि वे कई बार बैंक जाकर जानकारी ले चुकी हैं, लेकिन हर बार खाते में राशि नहीं आने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि निराश्रित पेंशन एवं महतारी वंदन योजना की राशि से ही उनका तथा उनके परिवार का जीवन-यापन होता था, लेकिन चार माह से भुगतान बंद होने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीण हितग्राही श्रीमती पृथ्वी बाई यादव ने बताया कि वे एक गरीब महिला हैं और शासन की योजनाओं से मिलने वाली सहायता राशि पर ही निर्भर हैं। योजना की राशि नहीं मिलने से उनका दैनिक खर्च एवं परिवार का भरण-पोषण प्रभावित हो रहा है। पीड़िता ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र उनके खाते में निराश्रित पेंशन एवं महतारी वंदन योजना की लंबित राशि जारी की जाए, ताकि वे अपने परिवार का समुचित पालन-पोषण कर सकें।



समाज के होनहार विद्यार्थियों व चयनित युवाओं का सम्मान, शिक्षा से सामाजिक उन्नति पर दिया जोर

# कुर्मी समाज ने प्रतिभा सम्मान समारोह का किया भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास कवर्धा में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासकीय सेवाओं में चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज के होनहार विद्यार्थियों और युवाओं को प्रोत्साहित कर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना रहा।

समारोह के मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष सतीष चंद्रवंशी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार के रचनात्मक और प्रेरणादायी आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने युवा प्रकोष्ठ की सराहना करते हुए घोषणा की कि आगामी सत्र से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में जिले में टॉप करने वाले विद्यार्थी को 21 हजार रुपए एवं 12वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थी को 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विरेन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा पुलिस, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न शासकीय विभागों में चयनित 250 से अधिक विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान का उद्देश्य केवल प्रशस्ति पत्र देना नहीं, बल्कि परिश्रम, समर्पण और सेवा भावना को नमन करना है।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी केंद्रीय उपाध्यक्ष, रामप्रसाद चंद्रवंशी उपाध्यक्ष कवर्धा राज एवं कैलाश चंद्रवंशी सचिव कवर्धा राज ने भी संबोधित किया। श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। जिस समाज का युवा संस्कारयुक्त शिक्षा प्राप्त करता है, उसका विकास कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवा टीम के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। रामप्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं, वहीं कैलाश चंद्रवंशी ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय युवा टीम के समर्पण और अथक परिश्रम को दिया। इस अवसर पर मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व विधायक, राजेन्द्र चंद्रवंशी भाजपा जिलाध्यक्ष, कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जिला पंचायत, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन, महिला सदस्य एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन युवा कोषाध्यक्ष दीनानाथ चंद्रवंशी ने किया। समारोह के माध्यम से कुर्मी समाज ने यह संदेश दिया कि शिक्षा और सम्मान के माध्यम से ही सामाजिक उन्नति और सशक्त भविष्य का निर्माण संभव है।

**खबर संक्षेप**

### डिप्टी सीएम ने किया किचन शेड का लोकार्पण

**कवर्धा।** जिले के ग्राम सोहागपुर में शाकम्भरी जयंती सामारोह में शामिल होने पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जहां मां शाकम्भरी की विधिवत पूजा अर्चना कर समाज के लोगों को जयंती बधाई व शुभकामनाएं दी वहीं उन्होने यहां निर्मित किचन शेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला भोयरा मरार पटेल समाज के अध्यक्ष शंकर पटेल, संतोष पटेल, परदेशी पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, विजय पटेल, बोड़ला जनपद अध्यक्ष राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, संतोष पटेल, कांतिराम पटेल, भगत पटेल, ललिता सुखदास पटेल आदि उपस्थित थे।

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल व शिक्षा विभाग में तालमेल के अभाव से विद्यार्थियों, पालकों व शिक्षकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के तहत लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल व समग्र शिक्षा आते हैं। एक ही विभाग के अंतर्गत आने वाले इन तीनों राज्य स्तरीय कार्यालयों में तालमेल का अभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। तालमेल के अभाव के कारण स्कूलों में पाठ्यक्रम पूर्णता व परीक्षा संचालन में जमीनी स्तर पर विद्यार्थियों, पालकों व शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामान्यतः हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के पाठ्यक्रम निर्धारण व परीक्षा संचालन का दायित्व छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधीन होता है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ही प्रायोगिक, प्रायोजना व वार्षिक परीक्षा संचालन के लिए समय सारणी भी जारी करता है। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में बोर्ड ने एक से बीस जनवरी 2026 तक प्रायोगिक व प्रायोजना परीक्षा संचालित करने का निर्देश जारी किया है। इसी बीच लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर ने पंद्रह जनवरी 2026 तक दसवीं व बारहवीं का प्री-बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है। प्रायोगिक व प्रायोजना परीक्षा के दौरान ही प्री-बोर्ड परीक्षा के निर्देश से स्पष्ट है कि सीजीबीएसई व डीपीआई के बीच तालमेल का अभाव है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रायोगिक व प्रायोजना परीक्षा सम्पन्न होने के बाद फरवरी में प्री-बोर्ड परीक्षा लेने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि सामान्यतः प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन प्रायोगिक-प्रायोजना परीक्षा के बाद फरवरी में लिया जाता है। प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन सौ फिसदी पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद ही वार्षिक परीक्षा के ब्लू प्रिंट के अनुसार लिया जाता है। अभी अधिकांश हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में अस्सी-पच्यासी प्रतिशत पाठ्यक्रम ही पूर्ण हुआ है। शेष बचे पंद्रह-बीस प्रतिशत पाठ्यक्रम की पढ़ाई जनवरी माह में पूर्ण होगा। इस प्रकार पूरे पाठ्यक्रम की पढ़ाई होने के बाद फरवरी में प्री-बोर्ड परीक्षा के आयोजन से विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा के लिए तैयार होने का अवसर मिलेगा। पाठ्यक्रम पूर्ण हुए बगैर प्री-बोर्ड परीक्षा लिए जाने से उसके उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा आदि पदाधिकारियों ने प्रायोगिक-प्रायोजना परीक्षा पश्चात पूरे पाठ्यक्रम की पढ़ाई होने के बाद फरवरी माह में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की मांग किया है।

## जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा में विलंब से स्थिति खराब




कबीरधाम को छोड़कर प्रदेश के सभी जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन शीतकालीन अवकाश के पहले विगत बीस दिसम्बर तक सम्पन्न करा लिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहला अवसर है, जिसमें कबीरधाम जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन शीतकालीन अवकाश के बाद भी लिया गया। इतना ही नहीं इस समय-सारणी में पुनः संशोधन कर दिसम्बर के आखिरी सप्ताह में होने वाले परीक्षा को एक से पांच जनवरी 2026 तक कर दिया गया। डीईओ कार्यालय ने समय-सारणी में संशोधन का कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। इस प्रकार अर्धवार्षिक परीक्षा का आखिरी पेपर पांच जनवरी को सम्पन्न होगा। अर्धवार्षिक परीक्षा के चलते जिले के किसी भी स्कूल में प्रायोगिक व प्रायोजना परीक्षा की शुरुवात नहीं हो पाया है।

## इस बार वार्षिक परीक्षा दस दिन पहले

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि विगत वर्षों में दसवीं व बारहवीं की वार्षिक परीक्षा सामान्यतः एक मार्च से प्रारम्भ होते आया है, लेकिन वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में वार्षिक परीक्षा दस दिन पहले बीस फरवरी से ही प्रारम्भ होने जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए कम समय मिलेगा।

## प्रायोगिक परीक्षा में एक शिक्षक की ड्यूटी तीन-चार स्कूलों में

प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन बाह्य परीक्षक द्वारा लिया जाता है। प्रत्येक स्कूल में प्रायोगिक परीक्षा के संचालन के लिए बाह्य परीक्षक की नियुक्ति छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया गया है। कई बाह्य परीक्षकों की ड्यूटी तीन-चार स्कूलों में लगाया गया है, जिससे उन्हें अलग-अलग स्कूलों से समय तय कर प्रायोगिक परीक्षा का संचालन करना होता है। प्रायोगिक परीक्षा को बीस जनवरी तक सम्पन्न करने का डेड लाइन तय है। इसी बीच प्री-बोर्ड लिए जाने से प्रायोगिक परीक्षा के संचालन में कठिनाई होगा। साथ ही लगतार परीक्षा से विद्यार्थियों को भी परेशानी होगा।

**कार्यवाही:** 20 नग मवेशी किए गए गिरफ्तार, मवेशी की घर से की गई चोरी

# मवेशियों को कत्लखाना ले जाते चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मवेशी की चोरी कर उन्हें हकालते हुए कत्लखाना ले जाते पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। इन आरोपियों को दो नाबालिग बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 नग मवेशी जप्त किए हैं। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध धारा-331(4),305(क) BNS एवं कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 छ.ग. एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को प्रार्थी रोहित यादव निवासी ग्राम डोंगरिया कला ने पाण्डातराई थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 03 जनवरी 2026 की दरम्यानी रात्रि उसके घर के कोठा में खुंटे से बंधे एक नग मवेशी भैसा को कोई अज्ञात व्यक्ति चोर कर ले गया है। प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर थाना पाण्डातराई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान चोरी गए मवेशी एवं आरोपी की पतातलाश किया गया। पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी गए एक नग मवेशी को आरोपीगण द्वारा क्रुरता पूर्वक हकालते हुए पैदल बिना पानी, चारा दिए डोंगरिया कला से खरहट्टा कला की ओर लेकर जा रहे है। मुखबिर की इस सूचना पर थाना पाण्डातराई पुलिस ने ग्राम डोंगरिया कला के बगीचा के पास चोरी गए मवेशी को देखकर प्रार्थी ने स्वयं का मवेशी होना पहचान किया जिसके बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद चार आरोपियों को दबोच लिया।

## हकालते हुए कत्लखाना ले जाए जा रहे थे मवेशी



पुलिस ने आरोपी किशन कुमार डाहिरे, विजय कुमार टंडन दोनो निवासी ग्राम कुई थाना कुकदूर जिला कबीरधाम एवं दो अन्य नाबालिक निवासी ग्राम कुई के कब्जे से कुल 20 नग मवेशियों को पैदल क्रुरता पूर्वक हाकते पैदल कत्ल खाना ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ग्राम डोंगरिया कला से एक मकान के कोठा के अंदर से 01 नग भैसा को चोरी कर साथ में लेकर जाना भी स्वीकार किया है।

## आरोपियों के पास नहीं थे मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज

पुलिस के मुताबिक आरोपियों को मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस देकर मांग किया लेकिन आरोपी कोई दस्तावेज पेशन नहीं कर पाए। जिसके बाद आरोपियों के कब्जे से 20 नग भैंसा कीमती 200000 रूपए एवं चोरी गए एक नग भैसा कीमत 40,000 रूपए को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 331(4),305(क) बीएनएस छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा-4, 6, 10 एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा-11 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट बनने पर दोनो आरोपीयों को जिला जेल कवर्धा एवं दोनो नाबालिकों को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया।

# स.लोहारा में शाकम्भरी जयंती में उमड़ा पटेल समाज का जनसैलाब

## दिग्गजों की उपस्थिति में गूंजा सामाजिक एकता का शंखनाद



■ माता शाकंभरी और सावित्री बाई फुले की जयंती पर निकली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

सहसपुर लोहारा में विकासखंड स्तरीय पटेल समाज द्वारा अपनी इष्ट देवी माता शाकंभरी एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जनपर उपाध्यक्ष स.लोहारा अशोक पटेल उपस्थित थे। भक्ति, शक्ति और सामाजिक एकजुटता के इस महासंगम में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग जुटे, जिससे पूरा नगर केसरिया और शाकंभरी मय नजर आया। कार्यक्रम का आगाज नया बस स्टैंड स्थित पटेल भवन से हुआ, जहां हजारों की संख्या में माताएं और बहनें सिर पर मंगल कलश धारण कर पारंपरिक गीतों पर थिरकते हुए निकलीं।

यह शोभायात्रा मेन रोड, थाना चौक और राजमहल होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। पूरे नगर भ्रमण के दौरान नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा पुनः पटेल भवन में एक विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। आयोजन में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, महेश पटेल, राजू पटेल, रामलाल पटेल, कैलाश पटेल, भगवान सिंह, शंभू पटेल और बैसाखू पटेल सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि यह आयोजन पटेल समाज की भव्यता एवं एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि ने भी संबोधित किया और पटले समाज के योगदान की सराहना की।

## नशा मुक्ति से ही समृद्धि की राहः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि पटेल समाज की मेहनत, ईमानदारी और सरलता ही उसकी असली पहचान है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा, माता शाकंभरी हर घर में सुख-शांति प्रदान करें, लेकिन यह तभी संभव है जब हमारा युवा वर्ग व्यसनों से दूर रहे। उन्होंने नशा मुक्ति पर कड़ा जोर देते हुए कहा कि सामाजिक पतन को रोकने के लिए युवाओं को नशे की कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा, तभी समाज वास्तविक रूप से समृद्ध और सशक्त बनेगा।

## संगठन ही सबसे बड़ी शक्तिः सांसद संतोष पांडेय

विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बिखराव हमें कमजोर करता है, जबकि एकजुटता हमें हर लक्ष्य को पाने की शक्ति देती है। उन्होंने कहा, ₹जब तक समाज संगठित नहीं होगा, हम अपनी मांगों और अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं कर पाएंगे। आज का यह जनसैलाब पटेल समाज की एकता का प्रमाण है और इसे हमें निरंतर बनाए रखना है।

## मातृ शक्ति और शिक्षा समाज का आधारः भावना बोहरा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने माता सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए मातृ शक्ति और शिक्षा के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹एक शिक्षित पुरुष एक व्यक्ति को शिक्षित करता है, लेकिन एक शिक्षित महिला पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारवान बनाती है।₹ उन्होंने महिलाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की, ताकि समाज की नींव मजबूत हो सके।

## स्वरोजगार और युवा नेतृत्व से होगा विकासः परदेशी पटेल

पटेल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि परदेशी पटेल ने समाज की उन्नति के लिए व्यावहारिक मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹हमारे युवाओं में अपार क्षमता है। जब युवा तकनीकी रूप से सक्षम होंगे और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी पटेल समाज विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# 15 फीट खाई में गिरा ट्रक बाल-बाल बचा चालक व हैल्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई/कुकदुर

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले जिले से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में रविवार को एक बार फिर सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट खाई में गिरकर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में ट्रक चालक तथा हेल्पर ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक पलटने से पहले ही ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली।



अभी तक मामले में पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को एक ट्रक क्रमांक एमपी 04जीबी 9156 विद्युत ट्रांसफार्मर भरकर उड़ीसा से दिल्ली जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान पंडरिया-बजाग मार्ग में आगरपानी गांव के मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट खाई में गिरकर पलट गया। लेकिन दुर्घटना से पूर्व वाहन चालक और हेल्पर ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचा ली। बताया जाता है कि चालक द्वारा काफी लापरवाही पूर्वक और तेज गति से वाहन चलाया जा रहा था जिसके कारण मोड़ पर उसने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हो गया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के काफिले में शामिल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्सालय कवर्धा में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के काफिले में शामिल एक शासकीय वाहन ने मोटर सायकल सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोटर सायकल में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सिटी कोतवाली स्थित रेस्ट हाउस के सामने उस समय हुई, जब उपमुख्यमंत्री का काफिला रेस्ट हाउस से दौरे के लिए बाहर निकल रहा था। बताया जाता है इसी दौरान रेस्ट हाउस के गेट के सामने से गुजर रहे मोटर सायकल सवार युवकों को काफिले में शामिल एक शासकीय वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तत्काल घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**धर्म, संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प का लिया गया संकल्प**

# जिले के ग्राम पंवरजली में भव्य हिन्दू संगम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में पटुवा मंडल अंतर्गत ग्राम पंवरजली में भव्य हिन्दू संगम एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आसपास के आठ गांवों से बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य धर्म, संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा भावी पीढ़ी को संस्कारवान दिशा देना रहा। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मदन सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि ऋषि राज चंद्रवंशी, जिला किसान कार्य प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला कबीरधाम ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज को एकजुट होकर भारत माता के हित में कार्य करने का



आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी समाजों को साथ लेकर चलना ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए डिस्पोजेबल प्लास्टिक के बहिष्कार की आवश्यकता बताई और कहा कि प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। साथ ही उन्होंने संयुक्त परिवार व्यवस्था को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि पारिवारिक दूरी के कारण नई पीढ़ी संस्कारों से दूर हो रही है। सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक भोजन एवं भजन से आपसी सद्भाव और पारिवारिक एकता को सुदृढ़ किया जा सकता है। मुख्य वक्ता ने समाज को विभाजित करने वाली सोच से सावधान रहने का संदेश देते हुए कहा कि एक-दूसरे का सहारा बनकर संगठित शक्ति बनने से ही सच्चा राष्ट्रहित संभव है।

## शाकंभरी जयंती के अवकाश में अनिवार्य बैठक, मरार पटेल समाज के साथ अन्यायः भुनेश्वर पटेल



**कवर्धा।** युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष भुनेश्वर पटेल ने विज्ञप्ति जारी करते कहा मरार पटेल समाज की आराध्य देवी माता शाकंभरी जयंती के अवसर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 24 अक्टूबर 2021 को सामान्य अवकाश घोषित कर समाज को मान–सम्मान दिया गया था। भूपेश बघेल सरकार की मंशा स्पष्ट थी कि पटेल समाज से जुड़े सभी लोग, विशेषकर सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारी–कर्मचारी, अवकाश के दौरान अपनी आराध्य देवी की पूजा-अर्चना एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागी बन सकें। लेकिन भाजपा शासन काल में ऐसा नहीं हो पा रहा है। भुनेश्वर पटेल ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि, शाकंभरी जयंती मरार पटेल समाज के लिए सबसे बड़ा और पवित्र पर्व है। इस दिन समाज का हर व्यक्ति माता शाकंभरी की पूजा और छेरछेरा के दान-पुण्य के कार्यों में शामिल होता। शासन द्वारा इस दिन सार्वजनिक अवकाश देने का उद्देश्य ही यही है कि लोग अपनी संस्कृति और धर्म का पालन कर सकें। इसके बावजूद कबीरधाम जिले में अवकाश के दिन ही प्रशासन द्वारा एक अति आवश्यक बैठक आयोजित किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। श्री पटेल ने बताया कि 03 जनवरी 2026 दिन शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में कलेक्टर कबीरधाम की अध्यक्षता में सभी शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक रखी गई, जिसमें अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश जारी किए गए और यह स्पष्ट किया गया कि प्रतिनिधि मान्य नहीं होगा। यह निर्णय मरार पटेल समाज की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं के साथ सीधा अन्याय है। जब शासन स्वयं अवकाश घोषित करता है, तब उसी दिन इस प्रकार की अनिवार्य बैठक आयोजित करना सरकारी मंशा के विपरीत और प्रशासनिक असंवेदनशीलता को दर्शाता है। इससे समाज के अनेक शिक्षक, प्राचार्य एवं शासकीय सेवक अपने सामाजिक और धार्मिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सके। भुनेश्वर पटेल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे निर्णय लेने से पूर्व सामाजिक, धार्मिक आस्था और घोषित अवकाश की भावना का सम्मान किया जाए। यदि इस तरह की मनमानी दोबारा की गई, तो मरार पटेल समाज को मजबूरन संगठित होकर विरोध का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।